



# बर्बाद कर रहे स्मार्ट मीटर, किसी भी हाल में मंजूर नहीं

**खास बातें**

- शहर से लेकर गांव तक हो रहा है स्मार्ट मीटर का विरोध
- कांग्रेस ने गांधी प्रतिमा नीमताल पर स्मार्ट मीटर के पोस्टर्स की होली जलाई



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, 4 अगस्त** एक माह से लगातार विभिन्न स्तर पर स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन चल रहा है जिले में कई जगहों पर स्मार्ट मीटर का विरोध हो चुका है.पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सुभाष बोहत एडवोकेट और उनके साथियों साथ सोमवार को विदिशा और कुरवाई में धरना, प्रदर्शन कर आंदोलन के साथ ज्ञापन दिया है. इसी के तहत गांधी प्रतिमा के बाहर नीमताल पर कांग्रेस नेता रणधीर सिंह ठाकुर पूर्व जनपद अध्यक्ष, सुभाष बोहत, अरुण अवस्थी बंटी सक्सेना आदि ने सैकड़ो लोगों को साथ लेकर स्मार्ट मीटर के पोस्टर्स की होली जलाई. इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर ने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है उनके घर बर्बाद हो रहा है यदि स्मार्ट मीटर को लगाने पर रोक नहीं लगाई गई तो स्मार्ट मीटर के विरुद्ध नागरिकों को चेताने का काम करेगी कांग्रेस. सुभाष बोहत ने कहा कि कहा कि सबसे पहले हमने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा,इसके बाद हमने कुरवाई तहसील में तहसीलदार और विद्युत विभाग जे ई को ज्ञापन सौंपा. जिला मुख्यालय पर स्मार्ट मीटर के पुतले को दहन किया और रैली निकालकर स्मार्ट मीटर के पोस्टर्स की होली जलाई .इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने कहा कि हम स्मार्ट मीटर जो गरीबों की जान लेने वाली इस योजना है इसको बंद करबा कर रहेंगे चाहे हमें घर-घर जाकर रात दिन जनता के बीच काम करना पड़े अवस्थी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शहरों को स्मार्ट बनाने की बात करती है विदिशा शहर की हालत बद से बदतर है हर मोर्चे पर भाजपा फेल हुई है. लेकिन स्मार्ट मीटर के नाम से करोड़ों रुपए लोगों की जेब से जबरदस्ती निकाले जा रहे हैं लोग घबरा रहे हैं और मानसिक रूप से भी बीमार हो रहे हैं कि वह बिल कैसे भरेंगे अवसर पर हाजी नदीम जावेद खान ने कहा कि चाहे जो भी हो स्मार्ट मीटर का जनता को रोड पर आकर विरोध करना चाहिए अन्यथा आने वाले समय में लोग बर्बाद हो जाएंगे इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी. इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नितिन यादव पूर्व जिला कांग्रेस सचिव योगेंद्र चंदेल राजीव साहू सहित मनोज शर्मा राम प्रसाद रघुवंशी,गणेश रघुवंशी, अरुण कुशवाहा, दीनदयाल अहिरवार, संतोष सांवरिया,रमेश पथरौल,मुन्नालाल मैंना,विष्णु प्रसाद मारोठिया, प्रकाश लोहट सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता का उपस्थित है.

# तनख्वाह ले रहे मां-बाप, स्कूल जाने की उम्र में बच्चे कर रहे हैं गंदगी साफ

**मासूमों से नालियां साफ करवा रही पंचायत**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 4 अगस्त,ग्राम पंचायत आनंदपुर में बाल श्रम का एक शर्मनाक और चिंताजनक मामला सामने आया है. यहां छोटे-छोटे बच्चे नालियों की सफाई जैसे कठिन कार्य कर रहे हैं, जबकि उनके माता-पिता सरकारी योजनाओं के तहत मजदूरी की तनख्वाह उठा रहे हैं. जिनकी उम्र स्कूल जाने और खेलने की है, फावड़ा और झाड़ू लेकर नालियों की गंदगी साफ करते नजर आते हैं.यह मामला मानवता को झकझोरने वाला है, बल्कि बाल अधिकारों और शिक्षा के मौलिक अधिकार की सीधी अवहेलना है.**

सरपंच एवं पंचायत सचिव इस पूरी स्थिति से पूरी तरह वाकिफ हैं, लेकिन उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया. पंचायत द्वारा सफाई व्यवस्था केवल औपचारिकता बनकर रह गई है. सरकारी फंड खर्च हो रहा है, लेकिन नालियों की स्थिति जस की तस है. ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं कि सफाई व्यवस्था में खानापूर्ति हो रही है और असली कार्य बच्चों से करवाकर न केवल बाल श्रम कानून का उल्लंघन किया जा रहा है, बल्कि उनकी सेहत और शिक्षा से भी खिलवाड़ किया जा रहा है.यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब देखा जाता है कि प्रशासन भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है. कोई जांच, कोई रोकथाम, और न ही बच्चों के पुनर्वास या शिक्षा की कोई योजना नजर आ रही है. इस मामले में आंनदपुर पंचायत के सचिव मानकचंद साहू का कहना है कि पंचायत ने किसी भी नाबालिग को सफाई के काम पर नहीं रखा है बच्चे के पिता काम करते होंगे हो सकता है पिता की जगह पर काम करने आ गया होगा. आगे से इस बात का ख्याल रखा जाएगा.

## ब्लॉक स्तरीय तीरंदाजी एवं फील्ड आर्चरी हुई खेल प्रतियोगिता



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** नगर के प्रख्यात विद्यालय साकेत एमजीएम में ब्लॉक स्तरीय तीरंदाजी एवं फील्ड आर्चरी स्कूल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें विदिशा ब्लॉक से चार विद्यालयों ने सहभागिता कर इस प्रतियोगिता को संपन्न किया. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालय साकेत शिशु रंजन सिविल लाइन विदिशा ,साकेत एमजीएम सीसे स्कूल विदिशा,साकेत शिशु रंजन टीला खेड़ी विदिशा एवं माधवगंज क्रमांक 2 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विदिशा उपस्थित रहे.प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में साकेत स्कूल के डायरेक्टर संजय पांडेय माधवगंज क्रमांक 2 के खेल शिक्षक एवं ब्लॉक क्रीड़ाधिकारी अंबेश सोनी साकेत शिशु रंजन विद्यालय सिविल लाइन के प्राचार्य प्रकाश शर्मा साकेत एमजीएम विद्यालय के प्राचार्य विभाग रंजन पाल, साकेत शिशु रंजन टीला खेड़ी के प्राचार्य मयंक शर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा.डायरेक्टर संजय पांडेय ने समस्त खिलाड़ियों का विद्यालय में स्वागत वंदन के साथ उन्हें खेल में एकाग्रता के साथ आगे बढ़ाने एवं सर्वांगीण विकास के बारे में बताया.

# स्मार्ट मीटर से गुस्साये ग्रामीणों ने फूंका जेई का पुतला

**सीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद बिजली विभाग कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन**

**नवभारत न्यूज**

**नटेरन, स्मार्ट मीटर से परेशान ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे.एसडीएम अजय प्रताप को ज्ञापन सोपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में बताया गया कि स्मार्ट मीटर जब से लगे हैं तब से अधिक मात्रा में बिल आ रहे हैं.गुस्साए ग्रामीण ज्ञापन सौंपने बाद नटेरन बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे जहां पर जेई का पुतला दहन किया.**ग्रामीणों का कहना है कि हमारा सर बिल माफ किया जाए एवं स्मार्ट मीटर जो की लगाए गए हैं.सभी के यहां से हटा लिए जाएं बिजली विभाग के बाबू के द्वारा सभी नाम मोबाइल नंबर एवं पता एवं किसका कितना बिल है.अपने रजिस्टर में नोट कर लिया एवं आश्वासन दिया गया की सभी के घर-घर जाकर मीटर चेक किए जाएंगे उसमें जो भी सुधार हो सकता है करने का प्रयास किया जाएगा.



## इक्यावन हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर किया अभिषेक

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सरस्वती शिशु मंदिर अंदरकिला में श्रावण के चौथे सोमवार को भैया-बहिनों एवं अभिभावक माताओं द्वारा मिट्टी के 51000 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधि विधान से उनकी पूजा अर्चना व अभिषेक किया गया. इस शुभ अवसर पर भैया-बहिनों सहित समस्त विद्यालय परिवार द्वारा धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ पुष्प वर्षा, भजन-कीर्तन तथा हर-हर महादेव, बम-बम भोले का उच्च स्वर में उद्घोष किया गया. तत्पश्चात संस्था प्रमुख दिनेश शर्मा ने श्रावण माह में शिवजी पूजन की महिमा को विभिन्न प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से भैया-बहिनों के बीच रखा.

## स्वदेशी जागरण मंच के राजकुमार बने जिला संयोजक



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** स्वदेशी जागरण मंच, स्वावलंबी भारत अभियान के जिला विचार प्रशिक्षण वर्ग में पधारें मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के क्षेत्र संगठक केशव दुबौलिया द्वारा सह संघ संचालक रामकिशोर अग्रवाल , एस.ए.टी.आई. के संचालक वाय. के. जैन, ज्योति शाह, दुष्यंत जैन एवं दायित्ववान स्वयं सेवक नगर के गणमान्य नागरिकों की विषेश उपस्थिति में विदिशा विभाग के विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजपूत द्वारा क्षेत्र संगठन केशव दुबौलिया की अनुशंसा पर नवीन दायित्व की घोषणा की गई.जिसमें स्वदेशी जागरण मंच में समाजसेवी एवं युवा व्यावसायी राजकुमार अग्रवाल को जिला संयोजक नियुक्त किया गया. बासोदा के गल्ला व्यापारी सुखजीत काके एवं सिरोंज के चरण सिंह रघुवंशी को विभाग सह-संयोजक, बासौदा के रोहित अग्रवाल को जिला सह-संयोजक एवं गोविंद गुर्जरको त्यौदा तहसील का संपर्क प्रमुख बनाए जाने पर सभी कार्यकर्ता, व्यापारी बंधु एवं मित्रों द्वारा बधाइयां प्रेषित की है.

# अमेजॉन, फ्लिपकार्ट जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विरुद्ध व्यापारी लामबंद

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 44 वा विशाल राष्ट्रीय अधिवेशन नई दिल्ली के रंग भवन आकाशवाणी भवन संसद मार्ग पर आयोजित किया गया जिसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल हर्ष मल्होत्रा व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंधी की गरिमामई उपस्थिति और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता राष्ट्रीय महा मंत्री मुकुंद मिश्रा के सानिध्य में रविवार को संपन्न हुआ. इसमें पूरे देश भर के 24 राज्यों से प्रमुख व्यापारी संगठन ने अपने विचार व्यापारी संसद में रखें .भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मध्य प्रदेश के अध्यक्ष राजेश जैन ने स्पष्ट कहा की खैरची व्यापार में बहुराष्ट्रीय कंपनियां का प्रवेश सरकार बंद करें और जो बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से इन कंपनियों को छूट दी जा रही है उसको तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए. मध्यप्रदेश से संयोजक संजीव जैन वर्द्धमान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी गण सर्व श्रीतरुण शर्मा, शशि उदयवाल, राहुल अग्रवाल मनीष जैन, गौरव जैन जमील भाई ,मोहन सिंह ,जमील अहमद आनंद लखेरा , मयूर कुमार प्रदीप लखेरा , सचिन जैन कार्यक्रम में शामिल हुए.

# राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती मनाई



**नवभारत न्यूज**

**गुलाबगंज,** राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती गहोई समाज अध्यक्ष राजेंद्र सेठ के निवास पर उत्साह पूर्वक मनाई गई.जिसमें समाज जन एकत्रित हुए गहोई ध्वज गीत का सामूहिक रूप से गायन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ.गुप्त जी के चित्र का पूजन एवं माल्यार्पण किया गया.गुप्त के जीवन एवं साहित्य पर वरिष्ठ पत्रकार ओंकार प्रसाद खैरा ने विस्तृत प्रकाश डाला. इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र सेठ ने गुप्त जी के रचना मित्र वही है का पाठ किया प्रकाश गुप्ता ने गुप्त जी के जीवन व साहित्य पर चर्चा की विजय बड़कुल ने उनकी रचनाओं के बारे में कहा इस अवसर पर ओंकार प्रसाद खैरा राजेन्द्र सेठ प्रकाश गुप्ता नरेंद्र सेठ जगदीश सेठ नवयुवक गहोई समाज अध्यक्ष राजा सेडबसंत सुहाने सुनील सुहाने दीपक गुप्ता श्री राम बरसैंया गगन खैरा सागर बरसैंया राहुल सेठ प्राची सुहाने आदी उपस्थित रहे.

# 8 साल पहले एसआई की भर्ती प्रक्रिया, कई हो गए ओवरएज

**भर्ती प्रक्रिया सुधार की मांग**

**कोचिंग संचालकों ने प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा निकाली जा रही भर्ती प्रक्रिया को लेकर की प्रेस वार्ता**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** शहर में संचालित विभिन्न कोचिंग जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाते ही है, वह प्रतियोगी परीक्षा संगठन के माध्यम से आंदोलन की शुरुआत कर रहे हैं। प्रेस क्लब संघ कार्यालय में आयोजित वार्ता के दौरान बताया गया कि यह किसी एक संस्थान या कोचिंग सेंटर का मामला नहीं है. बल्कि सभी कोचिंग सेंटर और सभी विद्यार्थी एक साथ इस विषय को एक साथ उठाकर विरोध कर रहे हैं. बताया गया कि सब इंस्पेक्टर की भर्ती 8 साल पहले जारी की गई थी उसके बाद से अब तक उसका इंतजार कर रहे हैं. जो विद्यार्थी इस भर्ती प्रक्रिया को लेकर अपनी तैयारी कर रहे थे. उन्होंने अधिकांश लोग इन 8 सालों के दौरान ओवररेज हो गए हैं. इसी प्रकार से कई अन्य भार्तीयों की प्रक्रिया को लेकर भी कई खामियां सामने आई है. उन्होंने मांग की है कि संविदा भर्ती एसएससी भर्ती और एमपीईसीएस के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाना चाहिए. उसके आधार पर विद्यार्थी अपनी तैयारी पूरी कर सके बार-बार सिलेबस न बदला जाए. इस दौरान शिक्षक ओरण मीणा, यश मीणा, अभिषेक, मोनू चौकसे, सौरभ रघुवंशी मौजूद रहे.अपनी इन्ही मांगों को लेकर शिक्षक और विद्यार्थियों द्वारा आज मंगलवार को सुबह 11 बजे दुर्गानगर चौराहे से एक रैली निकाली जाएगी, जिसमे जिले भर से छात्र शामिल होंगे। दुर्गानगर से यह रैली कलेक्ट्रेट पहुंचेगी जहां कलेक्टर को अपनीमांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा.

# हीरो मोटोकॉर्प ने लांच की नई एचएफ डीलक्स प्रो

**एचएफ डीलक्स पोर्टफोलियो को मिला नया आयाम**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, दोपहिया वाहनों की दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने देश की सबसे भरोसेमंद बाइकों में से एक एचएफ डीलक्स का नया और दमदार संस्करण एचएफ डीलक्स प्रो लॉन्च किया है. स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन संयोजन पेश करती यह बाइक कई आधुनिक खूबियों से लैस है.**

एचएफ डीलक्स ब्रांड नए दौर के उस भारतीय उपभोक्ता की सोच का प्रतीक है, जो आत्मविश्वासी, समझदारी से खर्च करने वाला और प्रगतिशील है.एचएफ डीलक्स प्रो हीरो मोटोकॉर्प की विश्वसनीय और किफायती मोबिलिटी सॉल्यूशंस देने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है. एचएफ डीलक्स प्रो की कीमत 73,550 एक्स-शोरूम दिल्ली रखी गई है और यह देशभर के हीरो मोटोकॉर्प डीलरशिप्स पर उपलब्ध है.इस लॉन्च के मौके पर हीरो मोटोकॉर्प के चीफ बिजनेस ऑफिसर इंडिया बिजनेस यूनिट, अशुतोष वर्मा ने कहा कि एचएफ डीलक्स लाखों ग्राहकों की पहली पसंद रही है, जिसे इसकी विश्वसनीयता और माइलेज के लिए पसंद किया जाता है. एचएफ डीलक्स प्रो अब एक नए और दमदार अवतार में सामने आई है, जिसमें रिफ्रेश्ड बॉडी ग्राफिक्स इसके लुक को और भी आकर्षक बनाते हैं.


